**बीमारी** — दूल्ही बांध पंचायत के मुसवा झोरखी गांव में तेजी से फैल रही बीमारी, ग्रामीणों में दहशत

# रहस्यमयी बीमारी से 12 मवेशियों की मौत

**अनूपपुर, नवभारत 2 फरवरी।** जिले के कोतमा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत दूल्ही बांध के मुसवा झोरखी गांव में मवेशियों में फैली एक रहस्यमयी बीमारी से बीते दो दिनों में 10 से 12 मवेशियों की मौत हो गई है। अचानक हुई इन मौतों से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों के अनुसार बीमार मवेशियों में लार गिरना, पेट फूलना, सांस फूलना जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं और कुछ ही घंटों में उनकी मौत हो जा रही है। बीमारी के तेजी से फैलने के कारण ग्रामीणों ने एहतियातन अपने मवेशियों को बांधकर रखना शुरू कर दिया है।






### पशु चिकित्सा विभाग ने ब्लड सैंपल लेकर जांच शुरू की

सूचना मिलने पर पशु चिकित्सा विभाग की चलित टीम मौके पर पहुंची और बीमार व स्वस्थ मवेशियों के ब्लड सैंपल लेकर जांच शुरू की। साथ ही एहतियातन टीकाकरण का कार्य भी किया जा रहा है। बिजुरी के पशु चिकित्सक डॉ. गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला फूड प्वाइजनिंग से जुड़ा हो सकता है, हालांकि बीमारी की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लैब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

**बीमारी की सूचना देकर टीकाकरण की मांग की थी : ग्रामीण**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पहले ही निगवानी के पशु चिकित्सक डॉ. पांडे को बीमारी की सूचना देकर टीकाकरण की मांग की थी, लेकिन ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा समय पर ध्यान नहीं दिया गया। इसी लापरवाही के चलते दो दिनों में 12 मवेशियों की मौत हो गई। मामले की जानकारी कलेक्टर को दिए जाने के बाद पशु चिकित्सा विभाग हरकत में आया और टीम गांव पहुंची। फिलहाल बीमारी के कारणों का पता नहीं चल सका है और जांच जारी है।





# वेंकटनगर में तेज रफ्तार कार का कहर

**बाइक सवार तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल**

**अनूपपुर, नवभारत 2 फरवरी।** वेंकटनगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत हीरामोती राइस मिल के पास एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल अनूपपुर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एमपी 18 सीए 1536 बुढ़ार से बिलासपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान वेंकटनगर में स्कूल निर्माण कार्य में लगे तीन मजदूर सनी गोड़ (19 वर्ष), सुशील कोल (24 वर्ष) और राजा महरा (26 वर्ष) तीनों निवासी ग्राम छादा, थाना नरौजादा, जिला उमरिया जो कि वेंकटनगर से रानीतालाब मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। जहां रास्ते में फोन पर बात करने के लिए बाइक रोककर हीरामोती राइस मिल के पास खड़े हुए थे, तभी अचानक तेज रफ्तार कार ने बाइक समेत तीनों को टक्कर मार दी।

### हादसे के बाद कार चालक हो गया फरार

हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। वेंकटनगर चौकी प्रभारी प्रवीण साहू ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# वार्ड-7 में मंगल भवन का लोकार्पण आज

**पसान नगर विकास को मिलेगी नई गति**



**जमुना कोतमा 2 फरवरी। नगर पालिका परिषद पसान, जिला अनूपपुर म.प्र.के वार्ड क्रमांक-7 में मंगल भवन एवं विभिन्न निर्माण कार्यों के लोकार्पण का भव्य समारोह मंगलवार, 3 फरवरी 2026 को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जा रहा है यह कार्यक्रम स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति को समर्पित है आयोजन स्थल जमुना कॉलोनी, वार्ड क्रमांक-7, पसान रहेगा**

समारोह के मुख्य अतिथि बिसाहूलाल सिंह पूर्व मंत्री, म.प्र. शासन एवं विधायक, अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र होंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में हिमाद्री सिंह सांसद, शहडोल संसदीय क्षेत्र, रामलाल रौतेल अध्यक्ष, कोल विकास प्राधिकरण, म.प्र. शासन हीरा सिंह श्याम जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, अनूपपुर तथा बृजेश गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा की उपस्थिति रहेगी। समारोह की अध्यक्षता राम अवध सिंह अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पसान करेंगे।

**नागरिक सुविधाओं में होगी वृद्धि : सिंह**

नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह ने नगर के समस्त नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं वार्डवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस लोकार्पण समारोह को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि मंगल भवन सहित ये निर्माण कार्य नगर के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक विकास को सशक्त बनाएंगे और नागरिक सुविधाओं में महत्वपूर्ण वृद्धि करेंगे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 5 को

**अनूपपुर, नवभारत।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक 5 फरवरी को शाम 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में यातायात व्यवस्था, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, सड़क संकेतों एवं जनजागरूकता से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा की जाएगी।

# सतर्कता से बोर्ड परीक्षा दायित्वों का करें निर्वहन

**सीईओ अर्चना कुमारी ने कलेक्टर प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए निर्देश**



**अनूपपुर, नवभारत 2 फरवरी।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, जिसे सभी कलेक्टर प्रतिनिधि पूर्ण सतर्कता, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें। वे जिला पंचायत सभागार में आयोजित कलेक्टर प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रों में माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। सीईओ ने बताया कि कलेक्टर प्रतिनिधियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से संबंधित पुलिस थाना एवं परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर सेल्फी अपलोड करना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष तथा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मोबाइल फोन बंद कर एक अलमारी में सील किए जाएं तथा इसका प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में केंद्राध्यक्ष से प्राप्त किया जाए।

### परीक्षा प्रक्रिया की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी

उन्होंने प्रश्नपत्रों के सीलबंद बॉक्स खोलने, सील्ड बॉक्स से प्रश्नपत्र पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराने तथा अनुपस्थित छात्रों के प्रश्नपत्र तत्काल लिफाफे में सील करने की प्रक्रिया का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया की राज्य स्तर से सतत मॉनिटरिंग की जाएगी, इसलिए सभी कार्य समय पर एवं नियमानुसार किए जाएं।



## कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रगान व राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन

**अनूपपुर, नवभारत।** फरवरी माह के प्रथम कार्यदिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित कलेक्ट्रेट भवन में संचालित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ अनुशासन एवं एकता का परिचय दिया। इस आयोजन का उद्देश्य शासकीय कार्यों की शुरुआत राष्ट्रभक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ करना रहा।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की ट्रायल 14 से

अनूपपुर, नवभारत 2 फरवरी। प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन आगामी 14 फरवरी से छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विभिन्न खेलों के लिए खिलाड़ियों का सेलेक्शन ट्रायल अलग-अलग तिथियों में आयोजित किया जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ट्रायल में निम्न खेलों एवं आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। ऑर्चरी (महिला/पुरुष) 17 वर्ष, एथलेटिक्स (महिला/पुरुष) 16 वर्ष, फुटबॉल (महिला/पुरुष) 16 वर्ष, हॉकी (महिला/पुरुष) 16 वर्ष, स्वीमिंग (महिला/पुरुष) 14 वर्ष, वेटलिफ्टिंग (महिला/पुरुष) 13 वर्ष तथा कुश्ती (महिला/पुरुष) 18 वर्ष आयु वर्ग।

# पौधों का दम घोंट रही प्रशासनिक लापरवाही

**मुख्यमंत्री के आगमन पर लगाए गए 200 पौधों में से 70 प्रतिशत सूखे, फेंसिंग गायब, सोशल मीडिया पर कलेक्टर से गुहार**







**कोतमा नवभारत 2 फरवरी।** प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बड़े-बड़े दावे और करोड़ों के बजट कागजों पर तो खूब चमकते हैं, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। ताजा मामला कोतमा के शासकीय माध्यमिक मॉडल स्कूल का है, जहां मात्र कुछ महीनों पहले मुख्यमंत्री के आगमन पर किया गया पौधा रोपण अब प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ चुका है।

बीते 4 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री मोहन यादव के कोतमा आगमन के दौरान शासकीय माध्यमिक मॉडल स्कूल के खेल परिसर में बड़े उत्साह के साथ 200 विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए थे। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित जिले के तमाम आला प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। सभी ने अपनी नामपट्टिका के साथ पौधे लगाकर फोटो तो खिंचवाई, लेकिन कार्यक्रम खत्म होते ही इन पौधों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया।

### मवेशी चर गए पौधे

स्थानीय नागरिकों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नियमित पानी नही मिलने के कारण लगभग 70ज पौधे सूख चुके हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए लगाई गई फेंसिंग (कटीले तार) को भी निकाल दिया गया। घेरा टूटने के कारण बचे-खुचे पौधे गौ-माता का भोजन बन रहे है। पौधों की दुर्दशा देख नगरवासियों में रोष है।

### पूरा परिसर फिर से वीरान हो जाएगा

स्थानीय जागरूक नागरिकों ने अब सोशल मीडिया के माध्यम से अनूपपुर कलेक्टर का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। लोगों का कहना है कि यदि अब भी बचे हुए पौधों को नियमित पानी और सुरक्षा नहीं दी गई, तो यह पूरा परिसर फिर से वीरान हो जाएगा। करोड़ों खर्च कर उत्सव मनाना और पौधे लगाना तब तक निरर्थक है, जब तक उनके जीवित रहने की जिम्मेदारी तय न हो। प्रशासन को इस लापरवाही के लिए जवाबदेही तय करनी चाहिए।

## प्रबंधन की लापरवाही से मासूमों की पढ़ाई ठप

**जमुना कोतमा नवभारत 2 फरवरी।** कोयला मजदूर सभा एसएमएस के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को उजागर किया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया कि गोविंदा टाउनशिप से सेंट्रल स्कूल तक चलने वाली बस सितंबर 2025 के अंतिम सप्ताह से बंद पड़ी है, जिसके कारण सैकड़ों बच्चे स्कूल जाने से वंचित हैं प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस विषय में संगठन द्वारा कई बार प्रबंधन से चर्चा की गई, लेकिन न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही बस सेवा पुन: प्रारंभ की गई। परीक्षा का समय नजदीक होने के बावजूद प्रबंधन की उदासीनता से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता प्रतीत हो रहा है कोयला मजदूर सभा ने प्रबंधन से तत्काल बस संचालन शुरू करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन तंत्र की होगी।



## राज्यमंत्री पटेल ने अमरकंटक में मां नर्मदा का किया पूजन

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित माँ नर्मदा मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने माँ नर्मदा से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

पूजन के पश्चात श्री पटेल ने कहा कि माँ नर्मदा मध्यप्रदेश की जीवनरेखा हैं और उनका आशीर्वाद प्रदेश की उन्नति व खुशहाली का आधार है। उन्होंने प्रदेश के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन डॉ. बी.बी. चौधरी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, माँ नर्मदा मंदिर के पुजारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**आरोप** — कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह एवं विक्रांत भूरिया ने नर्मदा उद्गम में की पूजा, प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

# बजट को बताया पूरी तरह फेल, यूजीसी मुद्दे पर साधी चुप्पी

**अनूपपुर, नवभारत 2 फरवरी।** जिले स्थित पवित्र नगरी अमरकंटक में सोमवार को राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया तथा पूर्व मंत्री व राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर पूजा-अर्चना की। दोनों नेताओं ने मां नर्मदा से देश व प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

उल्लेखनीय है कि जब दोनों विधायक मंदिर परिसर पहुंचे, उस समय नर्मदा मंदिर के पट बंद हो चुके थे। दोनों नेता पुष्पराजगढ़ में आयोजित विधायक कप खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने अमरकंटक पहुंचकर माँ नर्मदा के उद्गम मंदिर में विधि-विधान से पूजन किया। पूजन के पश्चात मंदिर परिसर के बाहर पत्रकारों से चर्चा करते हुए दोनों विधायकों ने प्रदेश और देश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी।





### उद्योग जगत ने बजट को नकारा : सिंह

इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की कड़ी आलोचना की, वहीं यूजीसी से जुड़े सवालों पर चुप्पी साधे रखी। पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने बजट को पूरी तरह असफल बताते हुए कहा कि बजट देश की आगामी एक वर्ष की आर्थिक दिशा तय करता है, लेकिन इसका सबसे बड़ा पैमाना शेयर बाजार होता है। उन्होंने कहा कि बजट के बाद सेंसेक्स में करीब 1500 अंकों की गिरावट और निफ्टी में 2 प्रतिशत की कमी इस बात का प्रमाण है कि उद्योग जगत ने इस बजट को नकार दिया है।

### मां नर्मदा प्रदेश की जीवनदायिनी : भूरिया

राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा कि मां नर्मदा मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी हैं और आदिवासी समाज का उनसे गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के संरक्षण और अस्तित्व में मां नर्मदा का विशेष योगदान रहा है।

**युवा रोजगार की उम्मीद लगाए बैठे थे**

उन्होंने कहा कि किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानून की उम्मीद कर रहे थे, आम आदमी महंगाई से राहत चाहता था और युवा रोजगार की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन बजट में इन मुद्दों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उल्टा मध्यप्रदेश को मिलने वाली राशि में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये की कटौती कर दी गई, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सत्ता में केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा होने के बावजूद प्रदेश के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

## ग्राम पंचायतों में एमपी ई-सेवा के बैनर लगाए जाएं

**अनूपपुर, नवभारत 2 फरवरी।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारियों की ड्यूटी संबंधित बोर्ड परीक्षा केंद्रों एवं विद्यालयों के निरीक्षण हेतु लगाई जाए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित भ्रमण कर बोर्ड परीक्षा की तैयारियों, शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करें तथा परीक्षा केंद्रों पर भी उनकी ड्यूटी सुनिश्चित की जाए, ताकि परीक्षाएँ पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हो सकें। कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने एमपी ई-सेवा पोर्टल से अधिकाधिक नागरिकों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं ऐप की जानकारी देने हेतु बैनर लगाए जाएं।

